**प्रादेशिक समाचार**
**दिनांक – 15.05.2026 (सुबह – 0830 बजे)**
**मुख्य समाचार**

1. **राज्य में ट्रेजरी निकासी घोटाले में प्रवर्तन निदेशालय ने दर्ज की ईसीआईआर, रांची, हजारीबाग और बोकारो सहित छह जिलों में हुई है गड़बड़ी।**
2. **भाजपा कोर कमिटी की बैठक में भ्रष्टाचार और जनसमस्याओं के खिलाफ आंदोलन तेज करने का निर्णय, आज सभी प्रखंडों में एकदिवसीय धरना।**
3. **रांची डीसी ने तेल कंपनियों के साथ की समीक्षा बैठक, पेट्रोल पंपों पर सुचारू आपूर्ति बहाल रखने के निर्देश, पेट्रोलियम डीलर एसोसिएशन ने कहा–राज्य में पेट्रोल–डीजल की कोई कमी नहीं।**
4. **आकाशवाणी के गौरवशाली 90 वर्ष पूरे होने पर कल रांची में शास्त्रीय संगीत संध्या का आयोजन, विख्यात केडिया बंधु और श्रीजीत चटर्जी बिखेरेंगे सुरों का जादू।**
   **और**
5. **झारखंड टी–20 क्रिकेट लीग की ट्रॉफी का अनावरण, आईपीएल की तर्ज पर बीस जून से शुरू होगा रोमांच का नया अध्याय।**

*****************

राज्य में वेतन मद में हुई चालीस करोड़ रुपये की फर्जी ट्रेजरी निकासी मामले में प्रवर्तन निदेशालय ने ईसीआईआर दर्ज की है। रांची, हजारीबाग और बोकारो ट्रेजरी से जुड़े इस घोटाले की जांच से संदिग्ध अधिकारियों की मुश्किलें बढ़ेंगी। प्रधान महालेखाकार की रिपोर्ट के बाद राज्य के छह जिलों में यह गड़बड़ी उजागर हुई है।

*****************

प्रदेश भाजपा कोर कमिटी ने प्रदेश कार्यालय में बैठक कर राज्य सरकार के कथित भ्रष्टाचार के खिलाफ आंदोलन तेज करने की रणनीति बनाई है। प्रदेश महामंत्री अमर कुमार बाऊरी ने बताया कि सरकार सभी मोर्चे पर विफल है। उन्होंने बताया कि किसानों की समस्याओं को लेकर आज से सभी प्रखंड मुख्यालयों में एक दिवसीय धरना दिया जायेगा। यह कार्यक्रम 20 मई तक चलेगा।

*****************

दुनियाभर में कच्चे तेल की कीमतों में आए उछाल के बाद तेल कंपनियों ने पेट्रोल और डीजल की कीमतों में 3 रुपये प्रति लीटर की बढोतरी की है। दिल्ली में अब पेट्रोल की कीमत 97 रुपये 77 पैसे प्रति लीटर, जबकि डीजल की कीमत 90 रुपये 67 पैसे प्रति लीटर हो गई है। मुंबई में अब पेट्रोल 106 रुपये 68 पैसे और डीजल 93 रुपये 14 पैसे प्रति लीटर की दर से मिलेगा। कोलकाता में पेट्रोल 108 रुपये 74 पैसे और डीजल 95 रुपये 13 पैसे प्रति लीटर पर उपलब्ध होगा। चेन्नई में पेट्रोल की कीमत 103 रुपये 77 पैसे और डीजल का मूल्य 95 रुपये 35 पैसे प्रति लीटर निर्धारित किया गया है।

*****************

रांची में पेट्रोल–डीजल की सुचारू आपूर्ति के लिए उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री ने तेल कंपनियों के साथ समीक्षा बैठक की। अधिकारियों ने बताया कि घबराहट में अधिक ईंधन खरीदने से पंपों पर अस्थायी दबाव बना है। प्रशासन ने कंपनियों को निर्बाध आपूर्ति का निर्देश देते हुए जनता से केवल जरूरत भर ईंधन खरीदने की अपील की है।

*****************

राज्य में ईंधन संकट की अफवाहों के बीच पेट्रोलियम डीलर एसोसिएशन ने लोगों से संयम की अपील की है। धनबाद में एसोसिएशन के अध्यक्ष अशोक सिंह ने स्पष्ट किया कि राज्य में पेट्रोल–डीजल की पर्याप्त उपलब्धता और सामान्य आपूर्ति है। तेल कंपनियों ने पिछले साल से अधिक ईंधन दिया है। जनता घबराहट में आकर अतिरिक्त खरीदारी न करे।

*****************

राज्य की कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने खूंटी में राज्य के पहले लाह बीज सेंटर की शुरुआत की। अब स्थानीय किसानों को यहीं से उत्तम किस्म की बीहन उपलब्ध होगी। मंत्री ने किसानों से संवाद कर सरकारी कल्याणकारी योजनाओं और विभिन्न आपदाओं में मिलने वाली मुआवजा राशि का लाभ उठाने की अपील की।

*****************

हजारीबाग के विनोबा भावे विश्वविद्यालय में वैश्विक संकट और भारतीय युवा विषय पर एक समूह चर्चा आयोजित की गई। डॉ. अमिता कुमारी के मार्गदर्शन में शिक्षाशास्त्र विभाग के विद्यार्थियों ने वर्तमान आर्थिक चुनौतियों पर विचार साझा किए। विमर्श में युवाओं ने देशहित में सामाजिक जागरूकता, संसाधनों के संरक्षण और संयम बरतने पर बल दिया।

*****************

भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण ने खजूरी–विंधमगंज मार्ग के फ्लाईओवर को पारंपरिक सोहराय पेंटिंग से सजाया है। दीवारों पर उकेरी गई कलाकृतियों में झारखंड की संस्कृति और प्रकृति की झलक दिखती है। एनएचएआई का उद्देश्य आधुनिक राजमार्गों के निर्माण के साथ स्थानीय कला और कलाकारों को बढ़ावा देना है।

*****************

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे ने अप्रेंटिस के ग्यारह सौ इक्यानबे पदों पर भर्ती के लिए आवेदन आमंत्रित किए हैं। चयन बिना परीक्षा के दसवीं और आईटीआई के अंकों की मेरिट पर होगा। आवेदन प्रक्रिया शुरू हो चुकी है और इच्छुक अभ्यर्थी ग्यारह जून दो हजार छब्बीस तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

*****************

आकाशवाणी के नब्बे वर्ष पूरे होने पर आकाशवाणी रांची द्वारा कल शाम चार बजे दूरदर्शन केंद्र में शास्त्रीय संगीत संध्या रागांजलि का आयोजन होगा। समारोह में देश के ख्यातिप्राप्त कलाकार केडिया बंधु, पंडित मोर मुकुट केडिया, पंडित मनोज कुमार केडिया और श्रीजीत चटर्जी अपनी प्रस्तुतियां देंगे। इसका उद्देश्य समृद्ध संगीत विरासत को बढ़ावा देना है।

*****************

राज्य में उन्नीस मई तक मौसम का मिजाज बदला रहेगा। मौसम विभाग ने आज और कल रांची, धनबाद, बोकारो समेत कई जिलों में तेज हवा, बारिश और वज्रपात का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। वहीं राज्य के अन्य हिस्सों के लिए येलो अलर्ट जारी करते हुए लोगों से सतर्क रहने की अपील की गई है।

*****************

एशिया कप में भारतीय टीम का प्रतिनिधित्व कर चीन से लौटीं रांची की फुटबॉलर दिव्यानी लिंडा का रांची एयरपोर्ट पर भव्य स्वागत हुआ। स्टार वॉरियर्स फुटबॉल क्लब के बच्चों और खेल प्रेमियों ने तिरंगा लहराकर उनका अभिनंदन किया। दिव्यानी ने सीमित संसाधनों में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहुंचकर राज्य का नाम रोशन किया है। इस मौके पर दिव्यानी ने कहा कि बड़े देशों के खिलाफ खेलकर काफी अच्छा लगा।

*****************

रांची में झारखंड टी–20 क्रिकेट लीग की विजेता ट्रॉफी का अनावरण किया गया। आईपीएल की तर्ज पर यह टूर्नामेंट बीस जून से आयोजित होगा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि और स्टार क्रिकेटर ईशान किशन के साथ जेएससीए अध्यक्ष अजय नाथ शाहदेव मौजूद रहे। मौके पर ईशान किशन ने कहा कि इस लीग से राज्य की खेल प्रतिभाओं को बड़ा मंच मिलेगा।

*****************

## और अब अखबारों की सुर्खियां

रांची से प्रकाशित सभी प्रमुख अखबारों ने एसआईआर के तीसरे चरण की घोषणा की खबर को पहले पन्ने पर प्रकाशित किया है।

दैनिक भास्कर ने लिखा है–झारखंड में 30 जून से एसआईआर, 2 करोड़ 64 लाख वोटरों की होगी जांच।

प्रभात खबर लिखता है–हॉकी खिलाड़ियों से दुर्व्यवहार की शिकायत, कोच सुधीर हटे।

हिन्दुस्तान की सुर्खी है–फर्जी निकासी की जांच ईडी करेगी, ईसीआईआर दर्ज।

दैनिक जागरण के शब्द हैं–दोषी पाये गये बिजली निगम के छह पदाधिकारियों पर होगी कार्रवाई।

**********समाप्त************